देर रात सड़कों पर उतरे एसपी किरण कुमार गोरख जाधव

किंजर और करपी थाना क्षेत्र में किया औचक निरीक्षण

ड्यूटी के प्रति सजग रहने का दिया निर्देश



अरवल। जिले में पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी किरण कुमार गोरख जाधव ने मंगलवार की देर रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान किंजर एवं करपी थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डायल-112 की टीम सहित पुलिस पदाधिकारियों, सिपाहियों और चौकीदारों की कार्यशैली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने पुलिसकर्मियों की सतर्कता, कार्य तत्परता और ड्यूटी के प्रति प्रतिबद्धता का आकलन किया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मी मुस्तैदी एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते पाए गए। पुलिस की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर आम लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों की समीक्षा की गई। एसपी ने ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मियों को रात के समय पूरी तरह मुस्तैद रहने, हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने और सघन चेकिंग अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इसके साथ ही गश्ती दल को समय पर रिस्पॉन्स देने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए गए। अचानक एसपी के निरीक्षण पर निकलने से संबंधित थाना क्षेत्रों में पुलिस बल पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया।

खरीफ मौसम की तैयारियों को लेकर जिलास्तरीय प्रशिक्षण



अरवल। कृषि वर्ष 2026-27 के खरीफ मौसम को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में एकदिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक आवृत्ति चर्या-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अमृषा बैंस के निर्देश पर अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान खरीफ फसलों की खेती, उन्नत कृषि तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज, संतुलित उर्वरक प्रयोग और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। फसल कटनी प्रयोग को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए क्लबैं-ऐप एवं पोर्टल के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि फसल की कटाई, उपज के वजन और फोटोग्राफ से संबंधित प्रमाणिक आंकड़े अपलोड करें। जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को फसल कटनी प्रयोगों का नियमित निरीक्षण करने को कहा गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, किसान सलाहकार, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते है:-

कार्य का नाम:- उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के महारानी पश्चिम-दीन दयाल उपाध्याय खंड में, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन की क्षमता बढ़ाने के काम के लिए, EPC मोड पर 2x25 KVAT ट्रैक्शन फीडिंग सिस्टम हेतु ट्रैक्शन सब-स्टेशनों और उनसे जुड़े स्विचिंग पोस्ट की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। ई-निविदा सूचना संख्या: EPC-PSI-MWP-DDU-NER, अनुमानित लागत: ₹ 2,00,33,74,545/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 4,00,67,500/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 10-12-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 महीने।

• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट, लखनऊ

मुजाधि/विद्युत-244

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कृषि सांख्यिकी कार्यों के सुदृढ़ीकरण को ले क्षमतावर्द्धन प्रशिक्षण

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार बुधवार को ग्राम प्लेक्स में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में कृषि वर्ष 2026-27 के खरीफ मौसम से संबंधित कृषि सांख्यिकी कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए दो दिवसीय आवृतिचर्या सह क्षमतावर्द्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि सांख्यिकी के अंतर्गत विभिन्न मौसमों में पंचायत एवं अंचल स्तर पर संपादित किए जाने वाले कार्यों, मौसमवार प्रतिवेदन तैयार करने तथा फसल कटनी प्रयोग के निर्धारित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी पवन कुमार एवं सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा फसल कटनी प्रयोग के निष्पादन हेतु विभाग द्वारा विकसित जीसीईएस एवं सीसीई मोबाइल ऐप के उपयोग एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित मखदुमपुर, मोदनगंज एवं हुलासगंज प्रखंडों के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार तथा जिला सांख्यिकी कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

शराब निर्माण व बिक्री के आरोप में एक गिरफ्तार

काको, जहानाबाद। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के निर्देशानुसार शराब के निर्माण एवं कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भेलावर थाने की पुलिस ने चातर गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति चातर गांव निवासी नन्हक मांझी बताया जाता है। मामले में थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति कांड संख्या 489/26 में प्राथमिक अभियुक्त है। उस पर शराब बेचने एवं निर्माण करने का आरोप है, जिसे गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अरवल के पांच प्रखंडों में सुरक्षा जवानों की बहाली के लिए लगेगा कैंप

अरवल। जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (एसआईएस) लिमिटेड द्वारा जिले के सभी पांच प्रखंड परिसरों में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। भर्ती पदाधिकारी चंद्र कुमार तिवारी के अनुसार, सुरक्षा जवान, सुरक्षा पर्यवेक्षक एवं सीआईटी पदों पर बहाली की जाएगी। कलेर में 29 अक्टूबर, करपी में 30-31 अक्टूबर, कुर्था में 2-3 नवंबर, सोनभद्र वंशी सूर्यपुर में 4-5 नवंबर तथा अरवल प्रखंड में 6-7 नवंबर को शिविर लगेगा। भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास, उम्र 19 से 40 वर्ष, लंबाई 165 सेंटीमीटर तथा वजन 56 से 90 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो और 350 रुपये पंजीयन शुल्क लाना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को बहियारा प्रशिक्षण केंद्र में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कंपनी के अनुसार, सुरक्षा जवानों का वेतन 16000 से 32000 रुपये तथा पर्यवेक्षकों का 21000 से 35000 रुपये प्रतिमाह होगा। विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9204594245 पर संपर्क कर सकते हैं।

सहयोग पोर्टल की शिकायतों पर डीडीसी ने की स्थलीय जांच

बेलखरा और इंजोर में नाली निर्माण व जल निकासी की समस्या दूर करने का दिया निर्देश

अरवल। सहयोग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन को लेकर बुधवार को उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने करपी प्रखंड के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अमृषा बैंस के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के दौरान नाली निर्माण और जल निकासी से संबंधित परिवादों



की स्थलीय जांच की गई। बेलखरा गांव निवासी अवधेश मिस्त्री की नाली निर्माण संबंधी शिकायत पर डीडीसी ने स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ को योजना को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पोर्टल पर दर्ज कर नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए नाली निर्माण कराने का निर्देश दिया।

खराब मौसम को लेकर अरवल जिला प्रशासन अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील

28 से 30 अक्टूबर तक आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका

अरवल। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। जिलाधिकारी अमृषा बैंस ने बताया कि 28 से 30 अक्टूबर तक तेज आंधी, बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। डीएम ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने और मेघगर्जन के समय सुरक्षित पक्के भवन में शरण लेने की अपील की। उन्होंने खुले मैदानों, ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी। किसानों को कटी फसल सुरक्षित रखने तथा पशुपालकों को पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ, सीओ एवं संबंधित पदाधिकारियों को अलर्ट रहने और आपदा मित्रों, जीविका दीदियों व पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाने को कहा गया है।

हत्या प्रयास के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

अरवल। हत्या के प्रयास के मामले में अरवल सदर थाने की पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुड्डू कुमार, पिता सहेंद्र सिंह, निवासी फतेहपुर संडा, थाना एवं जिला अरवल के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर थानाध्यक्ष दरबारी चौधरी ने बताया कि अरवल थाना कांड संख्या 178/26, 13 मई 2026 के तहत दर्ज मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या: ईएल/50/ दानापुर/खुली/24/2026-27

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हो उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई-निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/24/2026-27 (1) कार्य का नाम:** दानापुर, पटना और झाझा में रेलवे कॉलोनी क्षेत्र की सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाकर वहां रोशनी की व्यवस्था करना। **(2) अनुमानित लागत:** रू० 7,21,47,504.00 **(3) अग्रधन राशि :** रू० 14,43,000/- **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 18.11.2026 को 12.00** बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** जिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा० का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर

पीआर/1204/डीएसआर/ईएलईसीटी/टी/26-27/44

कैथा लोदीपुर में सड़क जाम करने के मामले में आठ नामजद समेत 50 अज्ञात पर प्राथमिकी

सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया था घंटों सड़क जाम

कुर्था, अरवल। स्थानीय मानिकपुर थाना क्षेत्र के कैथा लोदीपुर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने आठ नामजद समेत 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस कार्रवाई के बाद सड़क जाम में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत 25 अक्टूबर को कैथा लोदीपुर गांव के समीप टेंपो और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में लोदीपुर गांव निवासी दुलारचंद दास के 25 वर्षीय पुत्र चंदन दास की मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे समेत अपनी मांगों को लेकर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके कारण सड़क पर घंटों आवागमन बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। इससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराने का प्रयास किया था। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे, जिससे काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा।

इस मामले में मानिकपुर थाने में पदस्थापित एसआई राहुल कुमार के बयान पर मानिकपुर थाना कांड संख्या 102/26 के तहत आठ नामजद और 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

चिराग पासवान का जन्मोत्सव 31 को युवा शक्ति के रूप में मनेगा

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्टीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान का जन्मोत्सव समारोह 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र रंजन ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि जिला मुख्यालय स्थित आनंद विहार रिसॉर्ट में समारोह का आयोजन युवा शक्ति के रूप में उत्साह के साथ किया जाएगा।

पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला कमेटी के सदस्य, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रखंड एवं पंचायत अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या: ईएल/50/ दानापुर/खुली/25/2026-27

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हो उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई-निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/25/2026-27 (1) कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के अंतर्गत बिना बिजली वाले हॉल्ट स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म क्षेत्र को रोशन करने के लिए सोलर लाइट की व्यवस्था। **(2) अनुमानित लागत:** रू० 7,06,35,360.00 **(3) अग्रधन राशि :** रू० 14,12,700/- **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 18.11.2026** को **12.00** बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** जिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा० का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर

पीआर/1203/डीएसआर/ईएलईसीटी/टी/26-27/44

खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीएम सख्त



जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (खनन) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व संग्रहण, अवैध खनन एवं परिवहन, ईंट-भट्ठों के संचालन तथा लंबित नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि अक्टूबर 2026 तक निर्धारित 11 करोड़ के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध 6.42 करोड़ की वसूली हुई है। जिलाधिकारी ने धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए राजस्व संग्रहण एवं दंड वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस एवं अनुमंडल प्रशासन के समन्वय से संयुक्त एवं रात्रिकालीन छापेमारी तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों की जब्ती, दंड अधिरोपण एवं प्राथमिकी दर्ज करने तथा परिवहन चालानों का क्यूआर कोड से सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। संबंधित कार्रवाई की दैनिक समीक्षा की जाएगी। बैठक में बताया गया कि जिले में लगभग 100 ईंट-भट्ठे संचालित हैं। जिलाधिकारी ने बिना वैध कागजात संचालित ईंट-भट्ठों को बंद कराने एवं लंबित सीलिंग कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। विगत माह 10 ईंट-भट्ठों को बंद कराया गया है। साथ ही श्रम अधीक्षक को बाल श्रम की रोकथाम हेतु सभी ईंट-भट्ठों का निरीक्षण करने तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के समन्वय से वहाँ रहने वाले बच्चों का निकटवर्ती विद्यालयों में आवश्यकतानुसार अस्थायी नामांकन सुनिश्चित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने खनन से संबंधित 635 लंबित नीलाम पत्र वादों में वसूली तेज करने तथा बकायेदारों के जब्त वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार राजसात की कार्रवाई का निर्देश दिया।

आसनसोल मंडल में विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

परिशिष्ट

आसनसोल मंडल के खाना-आसनसोल खंड में अंडाल में फुट ओवर ब्रिज स्थापित करने के साथ-साथ दुर्गापुर में आर्च ब्रिज नंबर 396ए को हटाने के लिए, **दिनांक 23.12.2026 (बुधवार)** को मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि उक्त ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनें भी निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:-

- **पुनर्निर्धारण: 13037 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) 150 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी।
- **मार्ग परिवर्तन: 12260 बीकानेर-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026) को पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-गया-किऊल-भागलपुर-गुमानी-रामपुरहाट-सांइथिया-खाना होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।
- मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें और ट्रेन्स ऑन डिमांड (टीओडी), यदि देर से चल रही हैं, तो सुविधानुसार नियंत्रित की जा सकती हैं। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे जहानाबाद के 50 प्रतिभागी



जहानाबाद। डीएम एवं एसपी ने गुजरात राज्य के एकतानगर (केवड़िया) में लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह-2026 में भाग लेने हेतु जिले के 50 प्रतिभागियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनकी सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को आत्मसात करने तथा सरदार बल्लभभाई पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि जहानाबाद जिले से कुल 50 प्रतिभागियों का दल उक्त समारोह में भाग लेने हेतु रवाना हुआ है। प्रतिभागियों को गुजरात ले जाने एवं कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत सुरक्षित वापस लाने की व्यवस्था हेतु जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति अमित कुमार को जिला नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान

पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज सहित एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर दी बधाई

जहानाबाद। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) के प्रत्याशी नीरज कुमार की जीत सहित बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों की सफलता पर जदयू के प्रदेश सचिव सह जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा एवं जदयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य निरंजन केशव प्रिंस ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार की जीत पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और मतदाताओं के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने इस जीत के लिए नीरज कुमार को बधाई देते हुए उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। दिलीप कुशवाहा ने कहा कि विधान परिषद चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों की सफलता सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय, संगठनात्मक सक्रियता और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के महत्व को रेखांकित करती है।

पूर्व मध्य रेल

ई-खुली निविदा

खुली ई-निविदा सूचना संख्या- एल.-ओपेन - 26-27-19, दिनांक 23.10.2026

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य)/सोनपुर वास्ते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा' आमंत्रित करते हैं। खुली ई-निविदा की अंतिम तिथि **दिनांक 18.11.2026** को **12.30** बजे तक निर्धारित की गई है। खुली ई-निविदा संबंधी निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

क्रम सं० (1) कार्य का नाम : सोनपुर मंडल के स्टेशनों पर विद्युत परिसंपत्तियों का उन्नयन से सम्बन्धित कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,07,38,571.00 **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,14,800.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) :** 00.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार किसी भी समय निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (विद्युत/सा०), सोनपुर

पीआर/1196/एलईई/ईएलईसीटी/टी/26-27/36

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

विज्ञापन सं. 05/2026

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर- केन्द्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीजीसीआरआई), कोलकाता के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 05/2026 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 30/11/2026 को अथवा उससे पहले भेजें।

cbc 36202/11/0021/2627

वर्गीकृत

NAME CHANGE

I hitherto known as Kumari Manshi alias Monika Raj, D/o Santosh Kumar Singh R/o-Saraswati Nagar. Bairia Muzaffarpur Bihar 842003 have changed my name and shall hereafter be known as Kumari Manshi.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

शपथ पत्र

मै रोहित कुमार रंजन उम्र 26 वर्ष पिता संजय कुमार साकिन गुनाई विगहा पो0 सेसम्बाँ थाना शकुराबाद जिला जहानाबाद वर्तमान पता उंटा मदारपुर बार्ड नं 5 पो0 जहानाबाद थाना-जिला जहानाबाद का निवासी हूँ। शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूँ कि यह कि मैं उपरोक्त लिखित पते का निवासी हूँ। यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार नं. 3050 9763 0438 है। जिस पर मेरा नाम रोहित कुमार रंजन दर्ज है। यह कि मेरे नाम से एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा पटना ब्रांच का है जिसका पॉलिसी नं- 513874274 है जिस पर मेरा नाम पिन्टू कुमार दर्ज है।. यह कि रोहित कुमार रंजन एवं पिन्टू कुमार पिता संजय कुमार पता ग्राम-गुनाई विगहा पो0 सेसम्बा थाना शकुराबाद जिला जहानाबाद ये दोनो नाम मेरा ही है। ये दोनो नामो से मैं ही जाना जाता हूँ।. यह कि उपरोक्त तमाम बाते सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या 21200/3.9.26

NAME CHANGE

I, RANJIT KUMAR S/O RAMNATH RAI, R/O Mubarakpur, P.S-Shahpur, Patna Bihar-801503, have changed the name of my minor son NIHAL RAJ Aged 17 years and he shall hereafter be known as VIKASH KUMAR. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

नाम परिवर्तन

मैं, सुबोध कुमार, पिता-स्व. विजय कुमार लाल, निवासी-फ्लैट नं.-0-102, शु-शारदा रेसिडेंसी, पश्चिमी पटेल नगर, नियर सोना मेडिकल हॉल, जिला-पटना-800023, बिहार, द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मैंने अपने पुत्र का नाम Ishitw Kashyap से परिवर्तित कर Ishitva Srivastava कर दिया हूं। भविष्य में मेरा पुत्र Ishitva Srivastava के नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। शपथ पत्र संख्या 5348, दिनांक 26.10.2026

शपथ पत्र

मै अंकित कुमार पिता-स्व0 शैलेश कुमार ग्राम-अलुआ विगहा पोस्ट-छरियारी पंचायत-धराउत थाना-विशुनगंज जिला-जहानाबाद पिन कोड 804422 शपथ पूर्वक निम्नवत उद्घोषणा करता हूँ।. यह कि मै उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।. यह कि मेरे नाम से एक आधार कार्ड निर्गत है उसमें मेरा नाम अंकित कुमार दर्ज है वह सत्य एवं सही है। यह कि सार्थक कुमार बचपन का मेरा पुकारू नाम है। शपथ पत्र संख्या 20221/21.8.26

Affidavit

I, Shadab Mazhar @ Md. Shabab Anwar S/o Md. Raquib Khan R/o Mohalla Islam Nagar P.O.+P.S.-Nawada District Nawada (Bihar)-805110 solemnly affirm and declare as per Affidavit No. 17946 dated 26.10.2026 that my name is mention is my academic record as Md. Shadab Mazhar S/o Md. Raquib Khan, which is correct but in my Aadhar card due to mistake @ name mentioned as Md. Shabab Anwar S/o Md. Raquib Khan. That Md. Shadab Mazhar and Md. Shabab Anwar both name are same and one person. From now I shall be known as Md. Shadab Mazhar for all purposes.

शपथ पत्र

मैं, आकांक्षा रानी बर्नवाल पिता-श्री संजय कुमार प्रसाद ग्राम+पो.-सासामुसा एनएच-28, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या-81675, दिनांक 27.10.2026 के द्वारा घोषणा करती हूं कि आकांक्षा रानी बर्नवाल उर्फ धारा बर्नवाल दोनों नामों से जानी और पहचानी जाती हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 559667384 में मेरा नाम आकांक्षा रानी बर्नवाल है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम धारा बर्नवाल है।

9/600/26

NAME CHANGE

I, Pyari devi W/o - Raju Sah R/o-Village-Birdaban P.O-Bara chakia P.S- Kalyanpur Distt.-East Champaran Bihar do hereby solemnly affirm and declare as follows, That I am permanent residing of above said address.In my Aadhar Card my name is mentioned as Anita Devi. In my Voter card mentioned as Pyari Devi. Pyari Devi and Anita Devi both are same and one person. That from now I will be known Pyari Devi for all future purpose. Vide affidavit no-17626 Dated-22.07.26

नाम परिवर्तन

मैं, पूनम तिवारी, पति-बबलू तिवारी, निवास ग्राम-कुअवा, पो.-काशी पकड़ी थाना-राजेपुर जिला-पूर्वी चम्पारण (बिहार) शपथ पत्र सं.-2062 ता. 6.10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम सुदेहिमा कुंवर दर्ज हो गया है, जो गलत है। अब मैं पूनम तिवारी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

CM-6757

NAME CHANGE

I, BIPIN KUMAR, S/o DEENA NATH PASWAN, aged about 34 years, resident of Village Khamhar, Ward No- 01, P.O-Khamhar, P-S- & Mufassil, District & Begusarai, Bihar 851131, have changed my name from BIPIN KUMAR to PREM KUMAR. I shall henceforth be known, called and identified as PREM KUMAR for all purposes and in all records/ documents. Affidavit No-: 5746, Date: 14.08.2026

AFFIDAVIT

I, Birendra Yadav, S/o Sri Biswanath Yadav, R/o R.K. Banerjee Street, P.O.-Telinipura, P.S.-Bhadreswar, Distt.-Hooghly do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No.-8479 dt. 12.10.26 that Anubhav Kumar is my son. His name is recorded in his Aadhar No.-295460865131 as Nishant Raj. In School and Birth certificate recorded as Anubhav Kumar. Both names are same and one person. From now he will be known as Anubhav Kumar S/o Birendra Yadav for all purposes.

9/482/26

शपथ पत्र

मैं,अनन्या रानी बर्नवाल पिता श्री संजय कुमार प्रसाद ग्राम+पो.-सासामुसा एनएच-28, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या-81676, दिनांक 27.10.2026 के द्वारा घोषणा करती हूं कि अनन्या रानी बर्नवाल उर्फ प्रांजली बर्नवाल दोनों नामों से जानी और पहचानी जाती हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 559667385 में मेरा नाम अनन्या रानी बर्नवाल है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम प्रांजली बर्नवाल है।

9/600/26

NAME CHANGE

I, FULI DEVI, Wife of RAJA RAM PASWAN, and Daughter of GORAKH PASWAN, aged about 48 years, resident of Village & Khamhar, Ward No- 01] P-O- Khamhar, P-S- Mufassil, District & Begusarai, State Bihar 851131, have changed my name from FULI DEVI to BABITA DEVI. I shall henceforth be known and identified as BABITA DEVI for all purposes. This is to inform the public and all concerned that the change of name has been made pursuant to my affidavit sworn before the Notary Public, Begusarai, vide Affidavit No- 5744 dated 14.08.2026.

शपथ पत्र

मैं, चौधरी स्नेहा कुमारी, पति-देव कुमार उर्फ देव कुमार चौधरी, ग्राम+पो.-चर्तुभुजी बरॉव, थाना-पीरो, जिला-भोजपुर, बिहार। शपथ पत्र सं.-226 दि. 28.10.26 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड सं. -946656544037 में मेरा नाम स्नेहा कुमारी, पिता-देव कुमार चौधरी, जन्म तिथि 24.03.2009 दर्ज है, जो गलत है। Gujarat secondary and Higher secondary Education Board Gandhi Nagar (Matric) के कागजात में Chaudhary Sneha पिता-Dev Kumar एवं जन्म तिथि 02.01.2009 दर्ज है, जो सही हैं

9/482/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक